हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

11 सामान्य ज्ञान स्पर्धा में रौनक व ज्योति रहे प्रथम



12 पीएमवीबीआर वाई और ईईसी 2025 को लेकर किया...



**खबर संक्षेप**

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** कस्बा बेरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली अदालत एवं उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बेरी कार्यालय में संपन्न होगी। बैठक की अध्यक्षता निगम के कार्यकारी अभियंता और उपमंडल अधिकारी बेरी द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल से संबंधित सभी शिकायतें मौके पर ही सुनीं जाएंगी और समाधान किया जाएगा।

### अवैध हथियार सहित आरोपी को दबोचा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। नया बस अड्डा के पास से काबू किए गए आरोपी की पहचान ललित के रूप में हुई है। वह किला मोहल्ला का रहने वाला है। आरोपी से देशी पिस्तौल बरामद हुई। उसके खिलाफ सिटी थाने में संबंधित धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल के रूप में हुई है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर उसे काबू किया गया। इस दौरान उसके पास एक देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए हुए गांव बिरधाना मोड दुजाना के पास किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद हुआ। व्यक्ति की पहचान दीपक निवासी दीपालपुर जिला सोनीपत के तौर पर की गई है।

### फायर करने वाला आरोपी पहुंचा जेल

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली चलाने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी उप निरीक्षक सत्यवीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहित निवासी डीघल के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सिद्दीपुर लोवा के जलघर में चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव सिद्दीपुर लोवा के जल घर में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर पंप चेंबर का ताला तोड़कर मोटर सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। पुलिस को दी शिकायत में विभाग के उपमंडल अभियंता ने कहा है कि 16 नवंबर की सुबह चार बजे सिद्दीपुर लोवा के जलघर में कार्यरत कर्मचारी ने वाल्व खोली थी। इसके बाद वह चला गया। ढाई घंटे बाद करीब साढ़े 6 बजे वापस आया तो देखा कि चेंबर का ताला टूटा हुआ है। अंदर से मोटर व मोटर का सामान गायब है। इसके बाद उसने कनिष्ठ अभियंता को मामले से अवगत कराया। जेई ने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी फिर पुलिस को शिकायत दी गई। इस वारदात से विभाग को करीब 50 हजार की हानि हुई है।

## शहर से लेकर गांवों तक सरेआम जलाया जा रहा कूड़ा

# हवा की गति मंद पड़ते ही बढ़ा प्रदूषण

**सिर्फ सपना बनकर रह गया है बहादुरगढ़-एनसीआर में साफ हवा में सांस लेना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हवा की गति फिर से मंद पड़ने के बाद वीरवार को स्मॉग में वृद्धि दर्ज हुई। वातावरण में प्रदूषण की मात्रा अधिक होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर से लेकर गांवों तक कूड़ा सरेआम जलाया जा रहा है। वीरवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान कम होने का असर प्रदूषण पर पड़ रहा है। जितना तापमान कम होगा, उतना प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है।

अगले कुछ दिनों में प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हवा की गति बहुत धीमी होने के कारण प्रदूषक कण वातावरण में फंसे हुए हैं। इसके साथ ही, तापमान में गिरावट से यह परत और नीचे बैठ रही है, जिससे हवा और भी दमघोंटू बन रही है। बहादुरगढ़ समेत दिल्ली एनसीआर में पिछले एक महीने से भारी स्मॉग के चलते वायुमंडल में आक्सीजन का स्तर खतरनाक स्थिति तक गिर गया है।



**बहादुरगढ़।** छारा के निकट सड़क किनारे कूड़े के ढेर में से उठता धुआं। फोटो : हरिभूमि

### हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा तेजी से बढ़ा

वीरवार को भी औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ से ऊपर बना रहा। हालांकि लघु सचिवालय में लगी मशीन खराब होने के कारण सही आंकड़ें प्रदर्शित नहीं हो रहे। हवा में आक्सीजन की भारी कमी महसूस होने के कारण लोगों का दम घुटने लगा है, सांस फूलने लगी है। आंखों में सूजन, दर्द, एलर्जी व खुजली की शिकायतें होने लगी हैं। हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा तेजी से बढ़ा है। ग्रेप की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की संयुक्त टीमें मॉनिटरिंग के साथ एक्शन में जुटी है। चूंकि वातावरण में नमी की वजह से धूल कण अधिक ऊपर नहीं जा पाते। स्मॉग के कारण विजिबिलिटी भी काफी घट गई है। सुबह और शाम के समय सड़कों पर घना धुआं दिखाई देता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**बहादुरगढ़।** एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे राजबीर दलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कृष्णा नगर से झुग्गियों को हटवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-13 के साथ कृष्णा नगर में अवैध रूप से मौजूद झुग्गियों को हटाने की मांग लगातार उठ रही है। वीरवार को सेक्टर-13 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक बार फिर एसडीएम आफिस में ज्ञापन देकर झुग्गियों को वातावरण व सुरक्षा की दृष्टि से नुकसानदेह बताते हुए कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन के प्रधान राजबीर दलाल ने कहा कि झज्जर रोड पर स्थित कृष्णा नगर में बड़ी संख्या में अवैध रूप से झुग्गियां बसा दी गई हैं। यहां अवैध रूप से डंपिंग प्वाइंट भी बना दिया गया है। अक्सर कचरे को आग के हवाले कर दिया जाता है। जिस कारण वातावरण दूषित हो जाता है और नजदीक रहने वाले सेक्टर 13 के लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ती है। न केवल पर्यावरण बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी यह ठीक नहीं है। इस संबंध में इससे पहले भी शिकायतें दी जा चुकी हैं। अब एक बार फिर कार्रवाई की मांग की गई है। दलाल ने बताया कि इस मांग पर एसडीएम नसीब कुमार से संज्ञान लेते हुए नगर परिषद व अन्य विभागों को कार्रवाई के लिए कहा है। उम्मीद है कि जल्द ही यहां हालात सुधरेंगे।



**बहादुरगढ़।** बालौर गांव में अधूरा स्वागत द्वार दिखाते जसबीर सैनी।

### स्वागत द्वार का काम पूरा करवाने की मांग

*बहादुरगढ़। बालौर गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम के नाम से बनाए जा रहे प्रवेश द्वार का काम पिछले कई महीनों से बंद है। इसका संज्ञान लेते हुए भाजपा नेता जसबीर सैनी ने संबंधित अधिकारिओं से बात कर इस कार्य को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के नाम पर बनने वाले प्रवेश द्वार को जल्द बनवाया जाए।*

### रिटायर्ड कर्मचारी भेजेंगे राज्यपाल को ज्ञापन, मीटिंग कल

**झज्जर।** आठवें वेतन आयोग में पेंशन रिविजन निर्धारण को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा आगामी 17 दिसंबर को जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल के नाम अपना ज्ञापन भेजा जाएगा। संघ के जिला सचिव देवेंद्र यादव ने बताया कि इस संबंध में शनिवार को पुराने जलघर में मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रांतीय प्रधान मास्टर वजीर सिंह व महासचिव रतन कुमार जिंदल सहित प्रदेश स्तर के कई नेता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी लंबित मांगों में 65 वर्ष का होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 का होने पर 20 प्रतिशत के मूल वेतन में वृद्धि किया जाना, पेंशन वित्त विधेयक 2025 को वापिस लिया जाए, कंप्यूटेशन का पैसा 15 साल की बजाय 12 साल करना, कैशलेस मेडिकल सुविधा दिया जाना, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये किया जाना शामिल है। जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने बताया कि वे बीते कई वर्षों से अपनी मांगों को उठा रहे है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसलिए उन्हें मजबूरन संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

# रोडवेज कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

**फरवरी को परिवहन मंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे रोडवेज कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारी स्थानीय डिपो परिसर में वीरवार को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। डिपो प्रधान विजय माजरा की अध्यक्षता में की गई इस भूख हड़ताल का संचालन डिपो सचिव दिनेश द्वारा किया गया। इस दौरान राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, राज्य उप महासचिव पवन शर्मा, राज्य उपप्रधान जयकुंवार दहिया व राज्य कार्यालय सचिव सतबीर मुंढाल ने कहा कि यदि सरकार व परिवहन मंत्री रोडवेज के कर्मचारियों को बुलाकर मांगों का समाधान नहीं करती है तो आगामी 22 फरवरी को परिवहन मंत्री के कैंप कार्यालय पर होने वाले घेराव प्रदर्शन में रोडवेज कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

प्रधान विजय माजरा ने कहा कि सरकार द्वारा प्राइवेट बस संचालकों पर धन लुटाया जा रहा है जबकि उन्हें बोनस भी नहीं मिल पा रहा। कोरोना काल में रोडवेज कर्मचारियों ने अथक मेहनत करके यूपी, बिहार जैसे दूर-दराज के इलाकों में भी मजदूरों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने का काम किया। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए सरकार ने तो उन्हें ओवरटाइम दिया और न ही कोई आभार जताया। इसके अलावा महंगाई भत्ता, ईएल की छुट्टियां कम करके व ओवरटाइम, वाशिंग अलाउंस आदि काट लिया गया।

दस वर्षों से उनका बोनस पेंडिंग है जब उन्होंने अपना बोनस मांगा तो दो साल का बोनस देने पर सहमति बनी, लेकिन भी अभी तक कर्मचारियों को नहीं दिया गया। उन्होंने मांग की है कि रोडवेज कर्मचारियों के साथ सरकार की तीन दौर की बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी उन लोगों को तुरंत लागू किया जाए अन्यथा कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर रोहतक डिपो प्रधान नरेश सिवाच, प्रदीप हुड्डा, बलजीत सिंह, विक्रम सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

## बुधवार रात करीब ग्यारह बजे झज्जर-गुरुग्राम रोड पर हुआ हादसा

**मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहे थे रिंकू व विकास, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बुधवार देर रात गुरुग्राम मार्ग पर उखलचना कोट मोड के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव उखलचना कोट निवासी रिंकू पुत्र श्रीभगवान के तौर पर हुई है। जबकि घायल की पहचान विकास पुत्र जयभगवान के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में विकास ने बताया कि वह बुधवार की देर शाम अपने किसी निजी काम से गांव के ही साथी राहुल की मोटरसाइकिल लेकर शहर आए थे। जब काम निपटा कर रात करीब ग्यारह बजे दोनों मोटरसाइकिल पर वापिस लौट रहे थे तो गुरुग्राम रोड पर उनके गांव के मोड से पहले विपरित दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसे माथे व आंख पर गंभीर चोट आई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। पुलिस ने विकास के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा वीरवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।



### रिंकू का भाई अंकुर सात वर्ष पहले हुआ था शहीद

*ग्रामीणों के अनुसार रिंकू का भाई अंकुर भारतीय सेना में सेवारत था जो करीब सात वर्ष पहले शहीद हो गया था। उसके पिता भी आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। रिंकू शादीशुदा था तथा दो पुत्रों का पिता था।*



**झज्जर।** हादसे के बाद घटनास्थल पड़ी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल व रास्ता सुचारू कराते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# ड्राइवर की एफडी तोड़कर खाते से निकाले 7 लाख 89 हजार रुपये

**साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब एक स्कूल बस चालक की एफडी तोड़कर खाते से 7 लाख 88 हजार 980 रुपये निकालने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात बालोर के निवासी सुरेंद्र यादव के साथ हुई है।

सुरेंद्र का कहना है कि कुछ समय पहले उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने कहा की क्या आप क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहते हो और इस दौरान शातिर ने व्हाट्सएप पर एक फाइल भेज दी। जैसे ही उसे फाइल पर क्लिक किया तो मोबाइल हैक हो गया और ओटीपी आने शुरू हो गए। फिर अज्ञात नंबर से कॉल आई। इस दफा कॉलर ने कहा कि वह इक्विटास बैंक के हेड ऑफिस से बोल रहा है, आपके खाते से पैसे कट रहे हैं। एटीएम की डिटेल बता दो, वरना सारे पैसे कट जाएंगे। डर के कारण उसने अपने एटीएम की डिटेल बता दी, जिसके बाद फोन पर रुपये कटने के मैसेज आने लगे। फिर वह बैंक में गया तो पता चला कि इक्विटास बैंक में कराई गई 10 लाख की एफडी में अब मात्र 75 हजार 68 रुपए बचे हैं।

शातिरों ने उसके साथ 7 लाख 88 हजार 900 रुपये की साइबर ठगी कर दी। इसके बाद उसने साइबर कैफे में जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। अब साइबर थाना झज्जर में केस दर्ज हो पाया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

पुलिस ने आम नागरिकों से भी जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा है कि फोन पर किसी को बैंक खाते की डिटेल ना बताएं और न हीं किसी के झांसे में आएं।

### व्यापारी से मारपीट की और गाड़ी से दो लाख 30 हजार निकाले

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी में एक व्यापारी पर हमला कर दिया गया। लाठी-डंडों से उस पर वार किए गए और उसकी गाड़ी भी तोड़ दी गई। इतना ही नहीं, गाड़ी से 2 लाख 30 हजार रुपये लूटने की भी बात कही गई है। गांव के ही चार लोगों पर आरोप है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात गांव निलोठी के निवासी प्रवीण कुमार के साथ हुई है। प्रवीण कुमार का कहना है कि गत 14 नवंबर की रात करीब 10 बजे वह दो लाख 30 हजार रुपए गाड़ी में रखकर कहीं काम जा रहा था। जब डॉक्टर वाली चौपाल के पास पहुंचा तो वहां कुछ लोगों ने पिकअप गाड़ी अड़ा कर रास्त बंद कर रखा था। काफी देर इंतजार करने के बाद उसने हॉर्न बजाया तो चार व्यक्ति वहां आए और गाली देते हुए झगड़ने लगे। इसके बाद उन्होंने उसको गाड़ी से बाहर निकाल कर पीटना शुरू कर दिया। लात, घूसों और डंडों से वार किए। इतना ही नहीं गाड़ी में रखे रुपये भी लूट लिए। शोर सुनकर वहां लोग इकट्ठे हुए और उन्होंने बीचबचाव किया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया। तब मानसिक स्थिति ठीक ना होने के कारण बयान नहीं दे पाया। अब शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह घटनाक्रम वहां चौराहे पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टीम के जाते ही बदलने लगे अस्पताल के हालात

**परिसर में वाहन भी अस्त व्यस्त खड़े नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम जाने के एक दिन बाद ही नागरिक अस्पताल में फिर से बदले बदले हालात नजर आने लगे। बीते तीन दिनों तक अस्पताल में रही मुस्तैदी वीरवार को देखने को नहीं मिली। परिसर में वाहन भी अस्त व्यस्त खड़े नजर आए।

दरअसल, राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम 17 नवंबर को निरीक्षण के लिए यहां आई थी। टीम ने लगातार तीन दिन तक अस्पताल में व्यवस्थाएं परखीं। टीम के आने से पहले अस्पताल को पूरी तरह से चमका दिया गया। हेल्प डेस्क की व्यवस्था करने सहित कई अन्य बंदोबस्त किए जो आम दिनों में देखने को नहीं मिलते थे। टीम के तीन दिवसीय दौरे के दौरान अस्पताल के तमाम अधिकारी, डॉक्टर व स्टाफ भागदौड़ करते नजर आए।

दिनभर सफाई का दौर जारी रहा। लेकिन टीम के जाते ही फिर से व्यवस्था बदलने लगी। तीन दिन तक जो हालात नजर आए, वे वीरवार को नहीं थे। हेल्प डेस्क काउंटर पर कर्मचारी नहीं था तो परिसर में अवैध पार्किंग की समस्या भी देखने को मिली।

## कर्मचारियों ने पुल के नीचे पैकिंग सहित अन्य तकनीकी काम पूरे किए

# वीरवार को रद रहीं ट्रेनें शुक्रवार को भी ट्रैक से दूर रहेंगी

**गाड़ी संख्या 64931 (दिल्ली-जींद सवारी) अत्यंत महत्वपूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर बुधवार को हुए साढ़े सात घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान पुराने पुल पर नया स्लैब रखने का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इसके बावजूद रूट पर ट्रेन संचालन अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। वीरवार को भी पूरे रूट पर दो ट्रेनें रद रहीं और दो गाड़ियां रोहतक से दिल्ली के बीच नहीं चल सकीं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, शेष तकनीकी कार्यों के लिए वीरवार और शुक्रवार को भी दोपहर तीन बजकर 25 मिनट से शाम छह बजकर 25 बजे तक तीन-तीन घंटे का मिनी ब्लॉक लागू किया गया है। वीरवार को कर्मचारियों ने पुल के नीचे पैकिंग सहित अन्य तकनीकी काम पूरे किए।





**बहादुरगढ़।** वीरवार को सूनसान नजर आया रेलवे स्टेशन का रिजर्वेशन केंद्र। फोटो : हरिभूमि

### रोहतक से जाखल के बीच सामान्य रूप से चलेंगी गाड़ियां

इससे पहले गाड़ियां पुल से होकर तो गुजरीं, लेकिन गतिसीमा कम रखी गई। ब्लॉक के कारण दिल्ली-जींद के बीच चलने वाली गाड़ियां संख्या 64931 और 64932 वीरवार को भी रद रहीं और शुक्रवार को भी रद रहेंगी। इसके अलावा 54032 दिल्ली-जींद सवारी गाड़ी और 54035 दिल्ली-जाखल सवारी गाड़ी को रोहतक-दिल्ली के बीच रद कर दिया गया है। ये दोनों गाड़ियां रोहतक से जाखल के बीच सामान्य रूप से चलेंगी। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने बताया कि गाड़ी संख्या 64931 (दिल्ली-जींद सवारी) अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली से रोहतक व बहादुरगढ़ आने वाले बड़ी संख्या में यात्री इस पर निर्भर रहते हैं।

## खबर संक्षेप



झज्जर। शिविर में रक्तदान करते हुए युवा व उपस्थित अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ 33 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया व इंडेप्थ विजन फाउंडेशन संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव खेड़ी खुम्मार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्त एकत्रण का कार्य एम्स बाढ़सा की रक्तकोष की टीम ने किया। शिविर में शिविर में कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानि किया गया। इस मौके पर नरेंद्र, विकास धनखड़, प्रवीण कुमार, साहिल, संदीप, अनीता यादव, संतोष, दीपक, धौलू, नरेंद्र यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। बच्चों के दांतों की जांच करतीं चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन एसजीटी यूनवर्सिटी की मेडिकल टीम ने किया। बच्चों के दांतों और आंखों की जांच की गई। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को दांतों की सफाई, आंखों की सुरक्षा, संतुलित आहार और दैनिक दिनचर्या में स्वास्थ्य संबंधी आदतें अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



बहादुरगढ़। कन्या के विवाह में मदद करते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंद कन्या के विवाह में की मदद

**बहादुरगढ़।** सार्थक सेवा समिति ने आसौदा गांव में एक जरूरतमंद कन्या की शादी में यथासंभव सहयोग किया। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर, महासचिव वजीर सिंह दहिया, कोषाध्यक्ष हरिचंद रोझा व दीपक सैनी ने आसौदा गांव में पहुंचकर लड़की को उसकी पसंद का हैवी लहंगा, दो सूट और दो साड़ियां समेत 11 सौ रुपये कन्यादान दिया। इसमें पंकज जैन का विशेष योगदान रहा।

### गीता महोत्सव 2025 का किया जाएगा आयोजन

**झज्जर।** डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि गीता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीता महोत्सव 2025 के तहत अनेक अनूठी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। लोक संपर्क व भाषा विभाग द्वारा एक विशेष ऑनलाइन प्रतियोगिता 'मेरा पसंदीदा श्लोक' आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को गीता के पवित्र उपदेशों से जोड़ना और युवाओं में आध्यात्मिक प्रेरणा जगाना है।

*बलबीर सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन*

# सामान्य ज्ञान स्पर्धा में रौनक व ज्योति रहे प्रथम

■ करीब 30 विद्यालयों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मुस्कान फाउंडेशन द्वारा छारा के स्वतंत्रता सेनानी बलबीर सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें करीब 30 विद्यालयों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। छठी से आठवीं के वर्ग में खरहर के रौनक ने पहला, आसौदा की ईशा ने दूसरा, गिरावड़ की मानवी ने तीसरा, सुर्खपुर की इशिका ने चौथा और गिरावड़ की लक्ष्मी व खेड़ी खुम्मार के गौरव ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं से 12वीं के वर्ग में मातन की ज्योति प्रथम, छारा की रिद्धि द्वितीय, मातन की दीपांशी व प्रियांशी तृतीय, छारा की भावना व निशा चतुर्थ और महराना की संजीका पांचवें स्थान पर रही। बाबा गुरप्रीत दलाल और महंत रामानंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें ऐसे मंच देने की जरूरत है। फाउंडेशन अध्यक्ष मास्टर प्रदीप दलाल ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को नई दिशा दे रहे हैं। पंच मास्टर अनिल दलाल, सूबेदार राकेश, युद्धवीर शास्त्री, भुंडू प्रधान, राजीव मास्टर, कैप्टेन जीत, रविंद्र दलाल, रमेश जाखड़, पप्पू सुनार, धर्मपाल दलाल, रोहताश साहब, राजेंद्र, संजीव दलाल, विनोद मेंबर आदि ने प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहा।



बहादुरगढ़। विजेता प्रतिभागियों के साथ फाउंडेशन के सदस्य व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# जिला स्तरीय प्रतिभा खोज स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ विजेता विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा वीरवार को जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एपीसी धर्मेंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता में जिला परियोजना संयोजक सुरेश भारती ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में जिले भर से करीब 300 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।



झज्जर। अतिथियों व शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित विजेता प्रतिभागी।

**विजेताओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार प्रदान किए**

विजेता विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता परिणामों में विजुअल आर्ट टू-डी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिद्धीपुर, विजुअल आर्ट थ्री-डी व समूह लोक संगीत गायन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना, शास्त्रीय एकल नृत्य में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लडायन, एकल लोक नृत्य में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी, समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास, एकल शास्त्रीय संगीत व एकल लोक संगीत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना, नाट्य कला एकल में राजकीय माध्यमिक विद्यालय कालियावास तथा नाट्य कला समूह प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डावला के विद्यार्थियों ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजक समिति द्वारा सराहना पत्र भी प्रदान किए गए।

# व्यस्त दिनचर्या में पोषण का ख्याल रखने पर जोर

*कार्यक्रम में न्यूट्रीशनिस्ट एवं वेलनेस कोच अंशु बंसल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया*

■ न्यूट्रिशन एंड हेल्थ फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स विषय पर विस्तृत चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह की अध्यक्षता में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार रांगा व डॉ. प्रदीप भारती के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में न्यूट्रीशनिस्ट एवं वेलनेस कोच अंशु बंसल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने न्यूट्रिशन एंड हेल्थ फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स विषय पर विस्तृत चर्चा की। अंशु बंसल ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में संतुलित आहार और सही पोषण बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने समझाया कि पर्याप्त पोषण न केवल शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। उन्होंने पोषण की कमी से होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए दैनिक दिनचर्या में अपनाए जाने वाले सरल और प्रभावी सुझाव भी दिए। वक्ता ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों के प्रश्नों का समाधान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आहार में पोषण के सभी महत्वपूर्ण तत्व शामिल करने चाहिए। प्राकृतिक व पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। पोषण को लेकर जागरुक करती वेलनेस कोच अंशु बंसल।

# भूगोल प्रश्नोत्तरी में नवीता व सिमरन ने पाया पहला स्थान



झज्जर। महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ होनहार प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में भूगोल प्रश्नोत्तरी का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की नवीता और सिमरन की टीम पहले स्थान पर रही। बीए द्वितीय वर्ष के हर्षित कुमार और बीए प्रथम वर्ष की वंशिका की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एमए द्वितीय वर्ष की सविता और भावना की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉक्टर ललित कुमार, सुनीता बेनीवाल, राजमल, दीपा यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# समारोह को सफल बनाने के लिए जेजेपी कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी सात दिसंबर को जुलाना में मनाए जाने वाले जन नायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के संबंध में वीरवार को प्रभारी कर्नल राठी, अभिमन्यु राव व जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। पार्टी प्रभारियों ने समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में कार्यकर्ताओं द्वारा नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र गहलावत व अतिथियों का स्वागत किया गया। पार्टी प्रवक्ता डॉ. विकास पाराशर ने कहा कि जजपा बहुत बड़ी रैली कर समस्त विपक्षियों को आईना दिखाने का काम करेगी। जिला प्रभारी कर्नल राठी व अभिमन्यु राव ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार केवल जुमलों की राजनीति कर रही हैं। सरकार में प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। सीएम को किसानों की परेशानी से कोई वास्ता नहीं है।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मौके पर मिंटू ठेकेदार, राजीव दलाल, धर्मेंद्र गुलिया, संदीप अहलवात, राजू दलाल, अजय गुलिया, सुनील दुजाना, नसीब भारतीय, कृष्ण सिलाना, धर्म कबलाना, उद्धम दलाल, राजेश महराना, जयभगवान, बिल्लू भदानी, प्रवेश निमाना, जेपी शर्मा, सुनील गहलावत, हरबीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। पार्टी प्रभारी व जिलाध्यक्ष के साथ मीटिंग में उपस्थित जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## जिले में दूसरे चरण की ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन

# सड़क सुरक्षा प्रतियोगी परीक्षा में 4845 विद्यार्थियों ने लिया भाग

■ द्वितीय चरण की खंड स्तरीय परीक्षा के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को जिले में दूसरे चरण की ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में 4845 विद्यार्थी शामिल हुए। यातायात पुलिस समन्वय के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि वीरवार को जिले के पांच शैक्षणिक संस्थाओं में खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों बारे जानकारी देकर जागरूक करने का अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के पश्चात सुरक्षा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी बारे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला के लगभग सभी स्कूल कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित पहले चरण की लिखित प्रतियोगी परीक्षा बीते दिनों हुई थी। जिसमें 1 लाख 64 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दूसरे चरण की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण की खंड स्तरीय परीक्षा के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



झज्जर। सड़क सुरक्षा प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# राहगीरों को वितरित किया कढ़ी-चावल का प्रसाद



झज्जर। महर्षि वाल्मीकि चौक पर राहगीरों को कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित करते हुए समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के सीताराम गेट क्षेत्र स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक के व्यापारियों ने मिलकर वीरवार को राहगीरों के लिए कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया। सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोगों और राहगीरों ने कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। अमावस्या सेवा समिति से रमेश गुर्जर ने बताया कि शहर के सामाजिक एवं धार्मिक लोगों व सीताराम गेट चौक के सभी दुकानदारों ने आपसी सहयोग से अमावस्या के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता हैं। पौराणिक मान्यता है कि हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का बड़ा महत्व होता है। मार्गशीर्ष मास अमावस्या को बहुत शुभ माना जाता है। मार्गशीर्ष मास अमावस्या पर दान करने की परंपरा है। अमावस्या पर लोगों को भोजन करना पुण्य का काम होता हैं। अन्न दान करने से पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता हैं।



झज्जर। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित गंगा इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेनी इंजीनियर पद पर हुआ गंगा इंस्टीट्यूट के चार विद्यार्थियों का चयन

**झज्जर।** यूआईटीई रोहतक में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना के चार विद्यार्थियों का चयन ट्रेनी इंजीनियर पद पर हुआ है। संस्थान निदेशक डॉक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि यूआईटीई में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में हीरो मोटर के एचआर की टीम ने प्रारंभ में कंपनी संबंधी प्रेजेंटेशन दी। दूसरे चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके बाद उत्तीर्ण विद्यार्थियों को साक्षात्कार लिया गया। इसमें बीटेक मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विवेक सिंह, कंवर पाल, विवेक कुमार व इसरार खान को ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर के पद पर चयनित किया गया है। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सूचना**

मैं, ओमवती पत्नी श्री सत्यवान निवासी म. नं.1069/31 कबीर बस्ती बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरा पुत्र पवन व पुत्रवधु पिंकी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बाल कृष्ण शर्मा, सत्यपाल शर्मा, राजेव शर्मा, सुधीर शर्मा, पुष्पा शर्मा, कांता शर्मा, इंदु शर्मा, सुनीता शर्मा पुत्र/पति/पत्नी श्री श्याम लाल शर्मा निवासी 3/435, नई बस्ती, गली नंबर-3, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3B4F5GWI वार्ड नंबर-20 कॉलोनी नई बस्ती, बहादुरगढ़ जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज से 346.6 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3B4F5GWI वार्ड नंबर-20 कॉलोनी नई बस्ती, बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पत्ति नंबर 3B4F5GWI / 346.6 वर्ग गज प्रार्थी श्री बाल कृष्ण शर्मा, सत्यपाल शर्मा, राजेव शर्मा, सुधीर शर्मा, पुष्पा शर्मा, कांता शर्मा, इंदु शर्मा, सुनीता शर्मा पुत्र/पति/पत्नी श्री श्याम लाल शर्मा के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖ वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नांरग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरजंन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

**शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## खबर संक्षेप

### हर मंगलवार व शुक्रवार को सुनेंगे समस्याएं

**बहादुरगढ़।** वीरवार को भाजपा नेता एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त सभी 6 विशिष्ट नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने निर्णय लिया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अब हर मंगलवार और शुक्रवार को शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुनवाई की जाएगी। रामकंवार सैनी, शेखर कौशिक, विकास काजला, मंजीत पांचाल, रमेश आर्य और मनोज राठी ने कहा कि वे जनता और सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करेंगे तथा सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करवाएंगे।

### पलड़ा गांव में रक्तदान शिविर 23 को

**झज्जर।** मेरा गांव मेरा परिवार संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव पलड़ा में आगामी 23 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति के प्रधान डॉक्टर कर्ण सिंह यादव ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के विक्टोरिया क्रॉस विजेता स्वर्गीय कैप्टन उमराव सिंह यादव की बीसवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गांव के रेजांगला भवन में आयोजित होने वाले इस शिविर में मेजर डॉक्टर टीसी राव व सरपंच नीरू यादव को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। राज्य स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों व कोच शर्मिला डबास को भी सम्मानित किया जाएगा।

## फुटवियर कलस्टर में जागरूकता सेमिनार का आयोजन

# पीएमवीबीआरवाई और ईईसी 2025 को लेकर किया जागरूक

### फुटवियर पार्क में बीसीसीआई एफपीए और सिफी के सहयोग से ईपीएफओ ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रोहतक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, फुटवियर पार्क एसोसिएशन तथा भारतीय फुटवियर उद्योग परिसंघ के सहयोग से वीरवार को फुटवियर कलस्टर में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना और कर्मचारी नामांकन योजना के प्रावधानों, पात्रता शर्तों तथा लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीसीसीआई, फुटवियर पार्क एसोसिएशन और सिफी के सहयोग से हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त केपीएस चौधरी, सहायक पीएफ आयुक्त गुरुदेव सिंह और ईएसआईसी मैनेजर कुलदीप का बीसीसीआई के वरिष्ठ उप प्रधान विकास आनंद सोनी, सचिव पवन जैन और केके सेठ का स्वागत व सम्मान किया। सेमिनार में फुटवियर सेक्टर से जुड़े कई नियोक्ता और प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त केपीएस चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना 1 अगस्त 2025 से लागू हो चुकी है। इस योजना के तहत सरकार, 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक वेतन वाले नए कर्मचारियों के लिए नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले भविष्य निधि योगदान के एक हिस्से का वहन करेगी। इसका उद्देश्य नियोक्ताओं को नई भर्तियां करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह पहल देश में 3.5 करोड़ से अधिक औपचारिक रोजगार सृजित करने के लक्ष्य का हिस्सा है। सहायक पीएफ आयुक्त गुरुदेव सिंह ने सभी उद्योग प्रतिनिधियों से योजना में अधिकाधिक पंजीकरण कराने की अपील भी की।



**बहादुरगढ़।** क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त केपीएस चौधरी का स्वागत करते विकास आनंद सोनी। फोटो : हरिभूमि

### योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील

ईएसआईसी मैनेजर कुलदीप ने बताया कि कर्मचारी नामांकन योजना–2025 को 1 नवंबर 2025 से लागू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं को 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे हुए पात्र कर्मचारियों का स्वैच्छिक नामांकन करने का अवसर मिलता है। इस प्रावधान के तहत नियोक्ता बिना किसी दंड या विलंब शुल्क के अपने पुराने अनुपालन को नियमित कर सकते हैं। बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी ने कहा कि पीएमवीबीआरवाई और ईईसी-2025 जैसी योजनाएं उद्योगों को औपचारिक रोजगार बढ़ाने और कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने ईपीएफओ के इस जागरूकता प्रयास की सराहना की और नियोक्ताओं से अपील की कि वे योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। सचिव पवन जैन ने कहा कि यह पहल फुटवियर सेक्टर के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से नियोक्ताओं को अनुपालन आसान होगा और कर्मचारियों को बेहतर सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने ईपीएफओ टीम का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सेमिनारों को उद्योग हित में आवश्यक बताया। सेमिनार में उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों, एचआर प्रबंधकों एवं नियोक्ताओं ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और व्यावहारिक लाभों को विस्तार से समझा।


**बहादुरगढ़।** संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार के साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मधु।

# वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दम दिखाएगी कुमारी मधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**अबू धाबी में 22 नवंबर से शुरू होगी चैंपियनशिप**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली गांव देवरखाना की बेटी कुमारी मधु अब अबू धाबी में किक बॉक्सिंग का दम दिखाएगी। मधु का वहां शनिवार से शुरू हो रही वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। शुक्रवार को वह अबू धाबी के लिए रवाना होगी। खेल प्रेमियों ने मधु को शुभकामनाएं दी हैं।

अबू धाबी में वर्ल्ड चैंपियनशिप 22 से 30 नवंबर तक चलेगी। मधु 55 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

वह झज्जर जिले की एकमात्र महिला खिलाड़ी है, जो इस प्रतिष्ठित विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही है। वह इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। मधु के चयन से परिवार, साथी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खुशी है। रिलायंस मेट सिटी ने मधु को विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है।

कर्नल रोमिल राजन, लोकेश, भारतीय किक बॉक्सिंग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार ने मधु को जीत का आशीर्वाद दिया। कोच जसवंत ने बताया कि वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए मधु ने बैंगलोर में आयोजित कैंप में अंतरराष्ट्रीय कोचों से ट्रेनिंग ली है। शुक्रवार को वह अबू धाबी रवाना हो जाएगी। हमें यकीन है कि वह गोल्ड जीतकर लौटेगी।

# स्टेट शूटिंग में जीडी गोयंका की गार्गी ने जीता सिल्वर

### कुरुक्षेत्र में एसजीएफआई राज्य-स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की छात्रा ने राज्य-स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। कुरुक्षेत्र से जीतकर लौटी गार्गी मुदगिल का स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून समेत समूचे स्टॉफ ने स्वागत-सम्मान किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बता दें कि पिछले दिनों कुरुक्षेत्र में एसजीएफआई राज्य-स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंडर-14 आयुवर्ग में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की छात्रा गार्गी मुदगिल ने रजत पदक जीता।

स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून ने गार्गी को बधाई दते हुए कहा कि यह जीत उनकी प्रतिभा और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का भव्य प्रमाण है। विजय केवल लक्ष्य की प्राप्ति नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस और अटूट विश्वास की गौरवपूर्ण परिणति है। असाधारण एकाग्रता, उत्कृष्ट निपुणता और दृढ़ समर्पण के साथ गार्गी मुदगल ने रजत पदक अर्जित किया। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह नेशनल स्पर्धा 5 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगी।

मुस्कान जून ने कहा कि गार्गी की सफलता विद्यालय के लिए अपार गौरव और सम्मान का विषय है। उन्होंने गार्गी मुदगल के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेलभावना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए बधाई दी। प्रिंसिपल ने भी गार्गी मुदगल की उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।


**बहादुरगढ़।** गार्गी मुदगिल का स्वागत सम्मान करती शैलजा जून व अन्य।


**बेरी।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों के प्रति सरकार बेहद गंभीर है व शिविर में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण सुनिश्चित करें।

# स्पर्धाओं में दीक्षिता, भारती व काजल रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में वीरवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा वाद-विवाद, स्लोगन लेखन और पॉट पेंटिंग व डेकोरेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं की अभिव्यक्ति, सृजनशीलता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. शशी रापड़िया, हीरा रापड़िया, अनुराधा और पूनम रानी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य दलबीर सिंह ने की। निर्णायक मंडल में डॉ विकास यादव, जागृति व सीमा शामिल रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिक्षिता पहले, ममता दूसरे और दीपिका तीसरे स्थान पर रही। जबकि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भारती प्रथम, दीपिका द्वितीय और जागृति एवं यशिका तृतीय स्थान पर रही। पॉट पेंटिंग व डेकोरेशन में काजल पहले, गरिमा दूसरे और कामिनी एवं दीपिका तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर राजीव आसिवाल, डॉ. अरुण कुमार और डॉ मोनिका ने भी विजेता तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।


**बहादुरगढ़।** विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल व अन्य स्टॉफ सदस्य।

# भूटान में हुई चैंपियनशिप में जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भूटान में हुई एशियन चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के दो पावर लिफ्टरों ने गोल्ड मेडल जीते। पदक जीत कर लौटे दोनों खिलाड़ियों का वीरवार को भव्य स्वागत किया गया। धर्म विहार में स्थित वर्ल्ड फिटनेस छिल्लर क्लब में प्रेक्टिस करने वाले दोनों खिलाड़ियों को समाजसेवी दलबीर मान ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कोच अंश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारत का प्रतिनिधित्व बहादुरगढ़ के अमित अंतिल और विनीत दहिया ने किया। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते। विनीत दहिया ने 82 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेते हुए 150 किलोग्राम भार उठाया। पावरलिफ्टर अमित अंतिल ने 95 किलोग्राम में भाग लेकर 165 किलोग्राम वजन उठाते हुए पहला स्थान हासिल किया। वीरवार को पदक जीतकर लौटे दोनों पावरलिफ्टरों का क्लब संचालक युवराज छिल्लर, कोच अंश कुमार, पहलवान सतपाल दलाल, आशु राठी, एडवोकेट रवींद्र अहलावत, दीपक, कुनाल, विजय, जोनी, सागर व मोंटू आदि ने स्वागत किया।


**बहादुरगढ़।** भूटान से जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते खेलप्रेमी।

# गैस एजेंसी में लूटपाट करने का आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा गैस एजेंसी से हथियारों के बल पर लूटपाट करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना सदर प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि रणबीर निवासी कहाडी ने शिकायत देते हुए बताया था कि वह तिरुपति गैस एजेंसी में मुंशी का कार्य करता है। 12 जुलाई 2024 को दो लड़के कमरे के अंदर आए। जिनमें से एक के हाथ में पिस्तौल था और उनका एक अन्य साथी बाहर खड़ा था। उन्होंने मेरे ऊपर पिस्तौल तान दी और गल्ले से रूप निकाल लिए और एक कर्मचारी का मोबाइल छीनकर ले गए। जिस पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई रविंद्र कुमार की टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहित निवासी जीवनाबाद भावुपुरा जिला ऐटा उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई है। आरोपी ने प्राथमिक पूछताछ में मामले का खुलासा किया है।



**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### बैंक में डकैती का आरोपी दस साल बाद गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** दस साल पहले बराही में हथियार के बल पर डकैती करने वाले गिरोह के आखिरी सदस्य को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। दरअसल, छह बदमाशों ने 20 अगस्त 2015 को स्टेट बैंक ऑफ पटियाला में घुसकर हवाई फायरिंग करते हुए नगदी से भरा बैग और महिला के सोने के कड़े लूट लिए थे। वारदात के बाद शेष सदस्य पकड़े जा चुके थे, लेकिन एक आरोपी राजकुमार उर्फ सोनू अभी तक पुलिस को चकमा दे रहा था। ट्रैक-डाउन अभियान के तहत लाइनपार थाना पुलिस ने तकनीकी इनपुट और लगातार निगरानी के सहारे गुरुग्राम सेक्टर-9 से आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए अपना नाम तक आधार कार्ड में बदलवा लिया था। बावजूद इसके लंबे समय से वांछित चल रहा यह शातिर पुलिस की पकड़ से बच नहीं पाया। लाइनपार थाना प्रभारी परमजीत ने बताया कि एएसआई मंदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को बहादुरगढ़ अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया है।

# विरासत-ए-झज्जर महोत्सव में बिखरी हरियाणी संस्कृति की छटा, ग्रामीण परिवेश के दिखाए जीवंत दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को संस्कारम विश्वविद्यालय पाटौदा में विरासत-ए-झज्जर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा की संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रदेश के रहन–सहन, खान-पान, लोकगीत, नृत्य, सैन्य-वीरता और लोककला के विविध रूपों को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में चौपाल, बैठक, नौहरा, रसोई, तीजन, गितवाड़, पूजा-घर, कुआं-पूजन जैसे प्रामाणिक ग्रामीण परिवेश के जीवंत दृश्य देखकर उपस्थित जनसमूह हरियाणा की असली तस्वीर से रूबरू हो गया। कार्यक्रम में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि विरासत-ए-झज्जर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हरियाणा की आत्मा और लोक-संस्कृति का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय ने ग्रामीण जीवन, लोककला, कृषि, पशुपालन और आधुनिक तकनीक को जिस समन्वित रूप में प्रस्तुत किया है, वह न केवल झज्जर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।




**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी संस्कृति से रूबरू होते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

वहीं संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने विरासत-ए-झज्जर को हरियाणा की असली आत्मा और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उत्सव बताते हुए कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा को अपनी जड़ों, परंपराओं और आधुनिकता से जोड़कर नई पीढ़ी को संपूर्ण व्यक्तित्व देना है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने कृषि, लोक कला, पशुपालन, तकनीक, खेल और ग्रामीण जीवन की मूल भावना को एक मंच पर प्रस्तुत कर झज्जर और हरियाणा की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया है।